## एसकेएस के कार्यकर्त्ता हुए दिल्ली रवाना

पानीपत/कौशिकः संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी के नेतृत्व में किसान मजदूर खेत मजदूर संगठनों के कार्यकता नई दिल्ली रामलीला मैदान में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर देशव्यापी विशाल किसान मजदूर महापंचायत में शामिल हुए। सभी ने संयुक्त रूप से देश की भाजपा नेतृत्व वाली तानाशाह मोदी सरकार द्वारा देश के किसान मजदूर आंदोलन पर दमन के खिलाफजंग का ऐलान करते हुए कहा कि देश की मेहनतकश जनता को बर्बाद करने वाली देशद्रोही नीतियां, किसान मजदूर के खिलाफ काले कानून बनाकर देश के बड़े कॉरपोरेट पूंजीपति घरानों अडानी अंबानी और विदेशी कंपनियां कंपनियों का बंधवा गुलाम बनाना बनाने के षड्यंत्र को बेनकाब करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### खेल प्रतियोगिताएं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं : प्रो. शीशपाल



कुरुक्षेत्र/दुग्गलः भगवान परशुराम कालेज में 12वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संयोजक डा. दिलबाग सिंह ने प्रथम दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की और आज होने वाली प्रतियोगिताओं के बारे में बताया। खेल समिति के संयोजक डा. हीरा लाल ने प्रथम दिवस के विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ इन प्रतियोगिताओं को खेलने के लिए प्रोत्साहित किया।

### संगीत विद्या पांच आधारभूत विषयों में प्रमुख : सुभाष भारती



कुरुक्षेत्र/दुग्गलः विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान में संचालित विद्यालय गीता निकेतन विद्या मंदिर, सैक्टर -3 में तीन दिवसीय आचार्य संगीत कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला में लगभग नौ सत्र रहे। जिसमें आचार्यों ने संगीत की विभिन्न विधाओं के बारे में सीखा एवं सूक्ष्मताओं पर ध्यान देते हुए विद्यालय में संगीत विषय का क्रियान्वयन किस तरह से करना है के बारे में जाना। समापन सत्र में विद्या भारती हरियाणा के प्रशिक्षक एवं सेवा भारती प्रमुख सुभाष ने बताया कि संगीत विषय विद्या भारती की रीढ एवं पांच आधारभूत विषयों में प्रमुख है। संगीत वह कला है जो प्राणी के हृदय के अंतर्तम तारों को झंकृत कर देती है। संगीत भाषा कौशल को बेहतर बनाने का एक तरीका है। विद्यालय में वंदना सभा का आयोजन भव्य एवं संस्कारमय हो शिक्षा का काम केवल अक्षर ज्ञान या पाठ्यक्रम तैयार करना नहीं है। छात्रों में देशभक्ति तथा संस्कारों से ओतप्रोत शिक्षा का भाव जगाना शिक्षा का उद्देश्य है।

### गुरु रविदास धाम भूमि पूजन में जरूर करें भागीदारी : सूरजभान कटारिया



कुरुक्षेत्र/दुग्गलः श्री गुरु रविदास विश्व महापीठ के प्रधान संगठन महामंत्री एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूरजभान कटारिया ने हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित उमरी चौक पर संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज को समर्पित गुरु रविदास स्मारक-धाम के भूमि पूजन में कार्यक्रम में समाज के लोगों से भागीदारी करने का आह्वान किया। कटारिया ने कहा कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ में बनने वाले गुरु रविदास धाम स्मारक का भूमि पूजन नवनियुक्त मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 15 मार्च को करेंगे। उनके साथ हरियाणा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, कैबिनेट मंत्री डॉ बनवारी लाल, राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पवार स्थानीय विधायक सुभाष सुधा, ईश्वर सिंह भी इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद रहेंगे। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा गुरु रविदास धाम का निर्माण कार्य शुरू करना रविदासी समाज के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि आध्यत्मिक-धार्मिक विश्व प्रसिद्ध नगरी-कुरुक्षेत्र में 5 एकड़ में श्री गुरु रविदास मंदिर धाम के संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 647वें जन्मोत्सव पर यह गुरु रविदास स्मारक-धाम समाज को समर्पित है।

### योगेंद्र योगी युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत : अमित चौहान



यमुनानगर/ मेहता : भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र योगी व प्रदेश प्रभारी राहुल राणा का भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अमित चौहान के निवास स्थान पर अभिनंदन किया गया जिसमें सैकड़ों युवाओं ने हिस्सा लिया। महामंत्री अमित चौहान ने कहा कि आने वाले आगामी लोकसभा चुनाव में युवा मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार 400 पर का लक्ष्य रखा है। जिसे पूरा करने के लिए लोकसभा अंबाला की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है। इस मौके पर मोर्चा के जिला अध्यक्ष निश्चल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष नितेश राणा, विक्रम राणा, राहुल राणा, डा. विशाल, पूर्व हर को बोर्ड के अध्यक्ष रामेश्वर चौहान, वरुण चौहान, शक्ति जैलदार, कपिल राणा, धीरज शर्मा, साहिल, मंडल अध्यक्ष सिद्धार्थ समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### केएम राजकीय महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता



नरवाना/नरेन्द्र जेठीः केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. मीनू सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गणित हमारे जीवन का आधार है। प्रकृति से लेकर मानव तक सभी क्षेत्र में गणित का प्रयोग जीवन में करते हैं ,इसलिए गणित को खेल खेल में सीख कर जीवन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनाना चाहिए। गणित विभागाध्यक्ष डा. रुचिका जुनेजा ने कहा कि इसे हम पाई दिवस के रूप में भी मनाते हैं। पाई एक मौलिक स्थिरांक है जो गणना के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अबकी बार 2024 का अंतर्राष्ट्रीय गणित दिवस का थीम गणित के साथ खेलना है। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. लाल सिंह ,प्रो. मोहित व राजेश श्योकंद ने निभाई।

# प्राइवेट स्कूल अवैध तरीके से दे रहा था बिजली सप्लाई

● 10 दुकानों को दी जा रही थी बिजली, मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने छापेमारी करके खोली पोल

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर/ मेहता : यमुनानगर कमानी चौक के पास स्थित एक प्राइवेट स्कूल पर बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते ने छापेमारी की। इस दौरान स्कूल के बाहर 10 दुकानों में स्कूल के बिजली मीटर से सब मीटर के जरिए बिजली की सप्लाई पाई गई। मौके पर टीम ने निगम अधिकारियों को बुलाकर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री उड़नदस्ते को गुप्त सूचना मिली थी कि प्राइवेट स्कूल साथ लगती दुकानों को सब मीटर के जरिए अवैध तरीके से अपने मीटर से बिजली की सप्लाई दे रहा है। टीम ने जब मौके पर जाकर देखा तो वहां मौजूद 14 दुकानों में से 10 दुकानों को सब मीटर के जरिए स्कूल से सप्लाई दी जा रही थी। जबकि चार दुकानों में अपने मीटर लगे हुए थे। टीम इंचार्ज दिनेश शर्मा ने बताया कि फिलहाल संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाकर मामले में उचित कार्रवाई और जांच के निर्देश दिए गए हैं।





स्कूल के बाहर बनी दुकानें जहां मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने छापेमारी की।

इस दौरान मौके पर बुलाए गए निगम के एसडीओ जसमेर सिंह इस पर गोलमोल जवाब देते नजर आए। कहीं वह प्रॉपर्टी आईडी का बहाना बना रहे थे तो कहीं पर स्कूल को तीन या 7 दिन का नोटिस देने की भी बात कह रहे थे। हालांकि फिलहाल इस मामले की जांच की जाएगी कि क्या इस तरह एक ही प्रॉपर्टी आईडी में अटैच दुकानों को स्कूल के मीटर से सब मीटर के जरिए बिजली दी जा सकती है या नहीं।

# सीएए लागू करने का जोरदार स्वागत



पकिस्तान से आए लोग पीएम मोदी का धन्यवाद करते हुए।

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर/ मेहताः सीएए लागू किए जाने का देश के विभिन्न इलाकों में जोरदार स्वागत किया जा रहा है। हरियाणा के यमुनानगर में लड्डू बांटे गए। एक-दूसरे को बधाइयां दीं गई। पाकिस्तान से आए लोगों ने इस का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। यमुनानगर के विभिन्न इलाकों में ऐसे सैकड़ो परिवार हैं जो वर्षों से पाकिस्तान से यहां आकर बसे हुए हैं,लेकिन उनके पास यहां की नागरिकता नहीं है अब उन्हें आसानी से भारत की नागरिकता उपलब्ध हो जाएगी। इन लोगों ने केंद्र सरकार की इस योजना का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया है इनका कहना है कि वह लंबे समय से यहां की नागरिकता लेना चाहते थे, लेकिन उसमें काफी दिक्कत आ रही थी, लेकिन अब सीएए लागू होने से उन्हें आसानी से भारत की नागरिकता मिल जाएंगी। पाकिस्तान से यहां आकर रह रहे लोग काफी समय से नागरिकता हासिल करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन अब केंद्र सरकार की घोषणा से उन्हें राहत मिली है जिसका यह लोग स्वागत कर रहे हैं।

## चेहरा बदलने से कुछ होने वाला नहीं : रमन त्यागी



उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर/ मेहता : चुनाव नजदीक आते ही कांग्रेस पार्टी ने बैठकों को लेकर लगातार कमर कस ली है जिसके तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व अध्यक्ष रमन त्यागी ने प्रेम नगर स्थित कार्यालय में कार्यकर्त्ताओं की बैठक ली। इस मौके जिला कोऑर्डिनेटर राहुल चौहान मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में अब कांग्रेस की लहर है। कांग्रेस की सरकार बनने से अब कोई भी नहीं रोक सकता। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा व जेजीपी के सिर्फ किरदार बदले हैं। लेकिन चेहरा बदलने से कुछ होने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद आमजन को परेशानियों से सामना करना पड़ रहा है क्योंकि युवाओं को नौकरियां नहीं मिल रही, वह बेरोजगार घूम रहा है। महंगाई चरम सीमा पर है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का घर-घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान जोरों पर चल रहा है जिसके तहत जनता लगातार कांग्रेस के साथ जुड़ रही है। इस दौरान राहुल चौहान के साथ-साथ विजय कुमार, अमन कुमार नगर, बलविंदर, रामेश्वर ,रमाशंकर ,काशीराम, दिलशाद, गुरु चरण, जॉनी, अभिषेक त्यागी मौजूद थे।

## आदेश अस्पताल में लोगों को किडनी के प्रति किया जागरूक



शाहाबाद/स्वामी : किडनी दिवस के उपलक्ष्य में वीरवार को मोहड़ी स्थित आदेश मैडीकल कालेज व अस्पताल में आने वाले रोगियों व जनता को किडनी के प्रति जागरूक किया। किडनी रोग विशेष डा. हिमांशु जैन ने कहा कि मार्च माह के हर दूसरे गुरुवार के दिन किडनी दिवस मनाया जाता है और इस दिन अस्पतालों में और संस्थाओं की ओर से कैंप लगाकर लोगों को किडनी को स्वस्थ रखने के सुझाव व महत्वपूर्ण जानकारी दी जाती है। डा. हिमांशु जैन ने कहा कि गल्त खान-पान के कारण किडनी रोग का प्रभाव बढ़ता जा रहा है जोकि चिंतनीय विषय है। उन्होंने कहा कि किडनी डेमेज होने के बाद किडनी रोगी का जीवन डायलसिस पर निर्भर हो जाता है और फिर बात ट्रांसप्लांट तक आ पहुंचती है इसलिए इस जटिल प्रक्रिया से गुजरने से बेहतर है कि किडनी का ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि बी.पी. व शुगर रोगियों को समय-समय पर शरीर की जांच करवाते रहना चाहिए।





नरवाना/नरेन्द्र जेठीः मानव मित्र मंडल शाखा नरवाना व राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा के गणित प्राध्यापक सुनील गोयल को राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह में सम्मानित किया गया। मंडल के सचिव नरेश वत्स ने बताया कि परिषद ने गणित दिवस पर प्रदेश के गणित अध्यापकों की एक प्रतियोगिता आयोजित की थी, जिसका उद्देश्य गणित जैसे जटिल विषय को सुरुचिपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करना था।

## अच्छे व्यक्तित्व निर्माण के लिए खेलकूद जरूरी : सतबीर दबलैन



नरवाना/नरेन्द्र जेठीः हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य, समाजसेवी सतबीर दबलैन ने गांव खरड़वाल में युवा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामैंट के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर रिबन काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत की। प्रतियोगिता में 48 टीमें भाग ले रही हैं। सतबीर दबलैन ने कहा कि चौमुखी विकास के लिए खेलकूद आवश्यक है। खिलाड़ी को खेलकूद खेल की भावना से खेलना चाहिए जीतने वाली टीम को हतोत्साहित नहीं होना चाहिए और हारने वाली टीम को उदास नहीं होना चाहिए। हारने वाली टीम को ये देखना आवश्यक है की क्या कमी रह गई जिसके कारण हार हुई आगे उसमें सुधार करना चाहिए। ग्राम वासियों ने सतबीर दबलैन का फूल मालाओं से भव्य अभिनंदन एवं स्वागत किया। इस मौके पर गांव खरडवाल के सरपंच प्रतिनिधि नवीन नैन, जयप्रकाश पंच, चंद्रभान नैन पंच, रामकेश नैन,पवन नैन, गोलू नैन फौजी, मोनू नैन, अमित नैन फौजी प्रदीप नैन फौजी, प्रदीप नैन फौजी काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

# अंडरपास का काम शुरू न हुआ तो रोक देंगे वाहनों का रास्ता

● 16 मार्च से अटवान रेलवे फाटक पर बैठे ग्रामीण आंदोलन को करेंगे तेज

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

शाहाबाद/स्वामी : शाहाबाद के गांव अटवान रेलवे फाटक के सामने अंडर पास के रुके काम को शुरू किए जाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर दो दिन के भीतर रेलवे ने अटवान रेलवे फाटक पर अंडपास के निर्माण कार्य को शुरू न किया तो 16 मार्च को दर्जनों गांवों के लोग आंदोलन को तेज कर देंगे और रेलवे फाटक के पास से निकलने वाले हिन्द ट्रमिनल कंपनी के वाहनों का रास्ता रोक देंगे जिसकी जि मेदारी रेलवे विभाग की अपनी होगी। यह जानकारी देते हुए गांव के सरपंच विक्रम अटवान और रोशन लाल धीमान ने कहा कि ग्रामीणों को यह शक है कि अंडर पास के निर्माण में देरी हिन्द ट्रमिनल कंपनी के कारण की जा रही है इसलिए अब आंदोलनकारी इस कंपनी के ट्रकों को आने-जाने का रास्ता नहीं देंगे। वहीं ग्रामीणों का धरना चौथे दिन में प्रवेश कर गया और प्रदर्शनकारी पूरे जोश में नजर आए और रेलवे विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विक्रम अटवान ने कहा कि पिछले सवा साल से गांव अटवान, हरिपुर, सूढ़पुर, सरायंसुखी सहित दर्जनों गांवों के लोग रेलवे विभाग से अंडर पास के अधर में लटके काम को पूरा किये जाने की मांग कर रहे हैं लेकिन रेलवे विभाग सिवाय आश्वासन देने के अलावा कुछ नहीं कर रहा है। जिस कारण मजबूरीवंश ग्रामीणों को तंबू लगाकर धरना शुरू करना पड़ा।



रेलवे विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते धरने पर बैठे ग्रामीण।

ग्रामीणों कमलदीप राजू, सुरेन्द्र कुमार, महिपाल, चतर सिंह, जय चंद्र राव, पवन सेन, संदीप शर्मा, सोहन लाल सेन, साहिल साहिल ने कहा कि ग्रामीणों को अपने काम-काज छोड़कर धरने पर बैठने का शौंक नहीं है लेकिन जब गांव का मेन रास्ता सवा साल से बंद हो गया तो गांव के लोगों को आंदोलन शुरू करना पड़ा। ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे फाटक से मेन सड़क बंद होने के कारण उनकी खेती का नुकसान हो रहा है, बच्चों का स्कूल-आना-जाना प्रभावित हो रहा है, यहां तक की स्वर्ग आश्रम में आने-जाने के लिए दूसरे गांवों के रास्तों से जाना पड़ रहा है जिस कारण ग्रामीण परेशान हो चुके हैं।

## इन्दिरा गांधी नैशनल कालेज में होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

लाडवा/ शिव लाल चालिया : इन्दिरा गांधी नैशनल कॉलेज, लाडवा, धनौरा, कुरुक्षेत्र के प्राचार्य डा. कुशल पाल ने बताया 15 मार्च से दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ होने जा रहा है। यह संगोष्ठी भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सौजन्य से कालेज के इतिहास विभाग द्वारा करवाई जा रही है। संगोष्ठी का विषय ''डा. बी.आर. अम्बेडकर और सर छोटू राम के विचारों का तुलनात्मक अध्ययन'' है। कार्यक्रम कॉलेज प्रबंधकसमिति के प्रधान पवन गर्ग की अध्यक्षता में होगा। संगोष्ठी में विभिन्न राज्यों से जाने-माने विद्वान आयेंगे, जिन्होंने अपने विषय में महारत हासिल कर रखी है। कालेज प्राचार्य ने बताया कि प्रथम दिवस के आरम्भ में मुख्यातिथि नसीब सिंह, एच.सी.एस., एस.डी.एम. लाडवा, विशिष्ट अतिथि डा. उपेन्द्र चैधरी, पूर्व सदस्य और निदेशक, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, बीज वक्ता के रूप में डा. कुलदीप अग्निहोत्री, उपाध्यक्ष, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकुला तथा भारत के जाने माने प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो. अमरजीत सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र रहेंगे।


JM FINANCIAL

जे एम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट परिचय नंबर: U67190MH2007PLC74287

पंजीकृत कार्यालय: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400025

संपर्क व्यक्ति :1. आशीष हांडा-9041042572, 2. विशाल केतले-9584966653, 3. ज्योति सावंत-022-6224 1676

### ई-नीलामी बिक्री सूचना-ताज़ा बिक्री

प्रतीकात्मक कब्जे पर ई-नीलामी बिक्री सूचना, ई-नीलामी तिथि: 30.03.2024, सुबह 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक

| ऋण कोड/शाखा/ ऋणदाता(ों)/ सह-ऋणदाता(ों)/ग्रांटर(ों) | डिमांड नोटिस की तिथि एवं राशि | अंतिम सम्पत्ति का पता | आरक्षित मूल्य | जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (आरपी का 10 प्रतिशत) | बकाया राशि (11.03.2024) |
|---|---|---|---|---|---|
| ऋण कोड नं. 2520000080, हिसार (शाखा), राजू शर्मा (ऋणदाता), अनीता देवी (सह ऋणदाता 1) | तिथि 20.07.2018, रु.6,27,914/- (मात्र छः लाख सत्ताईस हजार नौ सौ चौदह रुपए) | विस्तारित सम्पत्ति में सभी पीस एवं पार्सल: -खसरा नं. 743/1/8 (0-3), खेवट नं. 1611 मिन, दौलतपुर रोड, फतेहचंद कालोनी, उकलाना मंडी, हिसार-125113 जैसे सीमाएं:- उत्तर-अन्य का प्लाट, दक्षिण-अन्य का प्लाट, पूर्व-अन्य का प्लाट, पश्चिम-गली। | रु. 9,50,000/- (मात्र नौ लाख पचास हजार रुपए) | रु. 95,000/- (मात्र पैंचानवे हजार रुपए) | रु. 13,25,373/- (मात्र तेरह लाख पच्चीस हजार तीन सौ तिहत्तर रुपए) |

ई-नीलामी की तिथि: 30.03.2024 अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक (प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ), बोली जमा करने की अंतिम तिथि 29.03.2024, शाम 4.00 बजे से पहले।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://www.jmfinancialarc.com/Home/Assetsforsale OR https://www.bankauction.in. पर दिए गए लिंक का हवाला लें।

**SARFAESI अधिनियम के तहत ऋणदाता/ग्रांटर/बंधक को वैधानिक 15 दिनों की बिक्री की सूचना**

एतद् द्वारा उपरोक्त उल्लिखित ऋणदाता/ग्रांटर/ को धारा 13(2) नोटिस में उल्लिखित राशि का भुगतान नीलामी की तिथि से पहले ब्याज के साथ पूर्ण रूप से अर्जित करने के लिए कहा जाता है, जिसमें विफल होने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और शेष राशि यदि कोई हो ऋणदाता/ग्रांटर से ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

तिथि : 15.03.2024
स्थान: हरियाणा।

हस्ता/- (अधिकृत अधिकारी)
(अरण्य ट्रस्ट)



JM FINANCIAL

जे एम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

कॉर्पोरेट परिचय नंबर: U67190MH2007PLC74287

पंजीकृत कार्यालय का पता: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई-400025

टी+ 91 22 6630 3030 एफ:- +911 22 6630 3223, www.Jmfinancialarc.com

### डिमांड नोटिस

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 (1) के साथ पठित। पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग एंड फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने धारा 5 (1) (बी) के तहत सभी अधिकारों, शीर्षक और ब्याज के साथ अंतर्निहित सुरक्षा हित के साथ ऋण का एक पूल (नीचे उल्लिखित ऋण सहित) सौंपा है। वित्तीय परिसंपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ('सरफेसी अधिनियम') 29 मार्च, 2023 के एक असाइनमेंट समझौते ('असाइनमेंट एग्रीमेंट') के माध्यम से JMFARC (JM) के पक्ष में (यहां अस्सिंगी के रूप में संदर्भित किया गया है) अधोहस्ताक्षरी (जेएम) असाइनी का प्राधिकृत अधिकारी है। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है। निम्नलिखित उधारकर्ता (उक्त उधारकर्ता) को, उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकानी होगी, जो नीचे दी गई है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को नोटिस दिया जाता है कि वह इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे दर्शाई गई रकम, अतिरिक्त ब्याज सहित जेएम को भुगतान करें, जैसा कि इसमें बताया गया है। मांग नोटिस(ों), नीचे उल्लिखित तारीख(तारीखों) से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हो, के साथ पढ़े गए ऋण समझौते के तहत देय है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, उक्त उधारकर्ता द्वारा क्रमशः निम्नलिखित संपत्तियां जेएम को गिरवी रख दी गई हैं।

| ऋणदाता(ों)/ग्रांटर(ों) का नाम | एनपीए तिथि के साथ रकम और डिमांड नोटिस की तिथि | सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| (चंडीगढ़ शाखा का एल.सी. नं. 05400000729) जगमाला राम (ऋणदाता) लछमण दास (सह ऋणदाता 1) | 20.01.2024/ रु. 1,85,883/-(मात्र एक लाख पच्चासी हजार आठ सौ तिरासी रुपए) एनपीए (09.02.2024) | कैलाश नगर नजदीक हैफर्ड गोदाम हांसी रोड करनाल करनाल करनाल करनाल हरियाणा-132001 |
| (देहरादून शाखा का एल.सी. नं. 09700005439) गौरव गोयल (ऋणदाता) | 20.01.2024/ रु. 1,07,12,013.58/-(मात्र एक करोड़ सात लाख बारह हजार तेरह रुपए एवं अठावन पैसे) एनपीए (31.05.2021) | टॉवर नं. टी1 फ्लैट नं. 304 फ्लोर तृतीय मंजिल यूनिट टाइप 3 देहरादून देहरादून देहरादून उत्तरांचल-248001 |
| (देहरादून शाखा का एल.सी. नं. 09700006840) संगीता दास अधिकारी (ऋणदाता) | 20.01.2024/ रु. 86,64,119.58/-(मात्र छियासी लाख चौंसठ हजार एक सौ उन्नीस रुपए एवं अठावन पैसे) एनपीए (31.05.2021) | टॉवर नं. टी1 फ्लैट नं. जी03, ग्राउंड फ्लोर 3 बीएचके-1716 स्का. फीट अर्काडिया हिलॉक्स देहरादून देहरादून उत्तरांचल-248001 |
| (यमुनानगर शाखा का एल.सी. नं. 29200000157) नीरज गोयल (ऋणदाता) रेखा गौरी (सह ऋणदाता 1) | 20.01.2024/ रु. 4,46,787/-(मात्र चार लाख छियाली हजार सात सौ सत्तासी रुपए) एनपीए (09.02.2024) | वाका मौजा तेजली, नॉर्थन पार्ट में मकान नं. 32 यमुनानगर, यमुनानगर यमुनानगर हरियाणा-135001 |
| (देहरादून शाखा का एल.सी. नं. 09700006943) उज्जवल आनंद (ऋणदाता) आकृति सिन्हा (सह ऋणदाता 1) | 20.01.2024/ रु. 66,32,427.58/-(मात्र छियासठ लाख बत्तीस हजार चार सौ सत्ताइस रुपए एवं अठावन पैसे) एनपीए (31.05.2021) | टॉवर नं. टी-2, फ्लैट नं. जी03, ग्राउंड फ्लोर 80, 91,76 बकराल गांव, नजदीक डीआईटी यूनिवर्सिटी मसूरी रोड देहरादून देहरादून उत्तरांचल-248001 |
| (रोहतक शाखा का एल.सी. नं. 28300000748) कर्मबीर सिंह (ऋणदाता) नीरू यादव (सह ऋणदाता 1) | 20.01.2024/ रु. 89,41,275.58/-(मात्र नवासी लाख इकतालीस हजार दो सौ पचहत्तर रुपए एवं अठावन पैसे) एनपीए (10.12.2021) | किला नं. 8/1/(4-3), 13/2 (2-4), 13/3 (1-16), खेवट नं. 670, 4517, 5007, खता 793 नजदीक प्रीति गार्डन झज्जर झज्जर झज्जर हरियाणा-124103 |
| (चंडीगढ़ मेट्रो शाखा का एल.सी. नं. 13500008995) जतिंदर कुमार (ऋणदाता) बाला रानी (सह ऋणदाता 1) | 20.01.2024/ रु. 3,96,370.74/-(मात्र तीन लाख छियानवे हजार तीन सौ सत्तर रुपए एवं चौहत्तर पैसे) एनपीए (09.02.2024) | प्लाट नं. 54 (पी) हीरा नगर वाका रकबा पट्टी रंगरा अंबाला सिटी अंबाला हरियाणा-134003 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार जेएम को भुगतान करने में विफल रहता है, तो जेएम अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा, लागत और परिणामों के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर होगा। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को जेएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांकः 15.03.2024
स्थानः हरियाणा

हस्ता/- (अधिकृत अधिकारी)
जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड